**CO70DRP**

# संकलित परीक्षा - II (2016-17)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा - IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड क ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

'हम कर्म से ही महान बन सकते हैं, हमारे लिए परित्याग या पलायन करना किसी भी तरह से मुमकिन नहीं है।' यह कहना है रवींद्रनाथ टैगोर का, उनका मानना था कि काम हमेशा मेहनत के साथ करो और फल की इच्छा मत करो, जो फल की इच्छा रखते हैं, वे अपने काम में पूरी तरह से मन नहीं लगा पाते और जो निरंतर काम करते हैं, उनको सफलता मिलते देर नहीं लगती, यानी कहा जाए तो मेहनत से किशोर-किशोरियों को कभी भी बचना नहीं चाहिए, जो मेहनत करना नहीं चाहते और जिनको करा-कराया काम पसंद है, वे आलसी और कामचोर होते हैं। एसे लोग हमेशा पाना चाहते हैं, कुछ देना नहीं। पूरी दुनिया ही मेहनत के बल पर टिकी है, वरना तो देश का विकास संभव हो ही न पाए। प्राचीन समय में भी भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में उपदेश देते हुए अर्जुन को समझाया कि मनुष्य का अधिकार केवल 'कर्म' में है, फल में नहीं।

मुंशी प्रेमचंद ने भी कहा है - 'आलस्य वह राजयोग है, जिसका रोगी कभी नहीं संभलता।'
तो आलस्य छोड़ कर परिश्रम करने के लिए उठ खड़े हों।

(क) हम महान् कैसे बन सकते हैं?

(ख) किशोर-किशोरियों के प्रति 'टैगोर जी' के विचारों को समझाइए।

(ग) आलसी और कामचोर कौन होते हैं?

(घ) गीता में क्या कहा गया है?

(ङ) प्रेमचंद क कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

### (मुक्त पाठ)

**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)**

**विषय : स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं का योगदान ( 5+5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2a | कस्तूरबा गाँधी ने किस प्रकार मोहनदास करम चन्द गाँधी को महात्मा गाँधी बनाने में सहयोग किया? स्वाधीनता के परिप्रेक्ष्य में लिखिये। | 5 |
| 2b | किन सामाजिक कार्यों में महिलाओं का योगदान सापेक्ष है? स्वाधीनता आन्दोलन के सन्दर्भ में समीक्षा कीजिये। | 5 |
| | **खण्ड ख( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण – विच्छेद कीजिए :<br>(1) सद्‌भाव (2) सर्वोत्तम<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए , जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है:<br>महत,छाव<br>(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए:<br>आचल, अचल<br>(घ) निम्नलिखित शब्दमें उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए:<br>गजल | 5 |
| 4 | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए:<br>1. मंत्र + उच्चारण 2. संयुक्त+ अक्षर<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए:<br>1. सृजनात्मक 2. हर्षोल्लास | 4 |
| 5 | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग–अलग करके लिखिए :<br>(1) प्रकृति (2) सभ्रांत<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग–अलग करके लिखिए :<br>सौदागर<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए :<br>(1) अफसोस तुमने मुझे निराश किया<br>(2) पुत्र के शोक में माँ जोर जोर से रोने लगी<br>(3) क्या छात्र यहाँ आते जाते रहते हैं | 6 |
| | **खण्ड ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ( 2+2+1 ) | |
| 6(i) | धूर्त किस बात का अनुचित लाभ उठा लेते हैं? 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| (ii) | कीचड़ के रंगों का प्रयोग कौन लोग करना पसंद करते हैं? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| (iii) | साधारण आदमी का क्या दोष है ? 'धर्म की आड़' पाठके आधार पर लिखिए। | 1 |
| 7 | शोध कार्य के क्षेत्र में रामन की भूमिका पर 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर प्रकाश डालिए। | 5 |
| 8 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)**<br>गांधीजी के सामने ज़ुल्मों और अत्याचारों की कहानियाँ पेश करने के लिए आने वाले पीड़ितों के दल–के–दल गामदेवी के मणिभवन पर उमड़ते रहते थे। महादेव उनकी बातों की संक्षिप्त टिप्पणियाँ तैयार करके उनको गांधीजी के सामने पेश करते थे और आनेवालों के साथ उनकी रूबरू मुलाकातें भी करवाते थे। गांधीजी मुंबई के मुख्य राष्ट्रोय अंग्रेजी दैनिक'बाम्बेक्रानिकल' में इन सब विषयों पर लेख लिखा करते थे। क्रानिकल मं जगह की तंगी बनी रहती थी। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न<br>(क) मणिभवन में पीड़ित लोग गांधीजी से मिलने क्यों आते थे ?<br>(ख) महादेव भाई अपना कर्तव्य किस प्रकार निभाते थे ?<br>(ग) 'क्रानिकल' में जगह की तंगी क्यों बनी रहती थी ? | |
| | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| 9(i) | परम लाभ प्राप्त करके सुखिया के पिता ने क्या सोचा ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| (ii) | नदी के लिए दिल हल्का करना आपके विचार से क्यों आवश्यक है? 'गीत-अगीत' कविता के आधार परउत्तर दीजिए। | 2 |
| (iii) | सामान्यत: कूड़े-करकट के ढेरों पर कौन दिखाई देता है ? उन हाथों को आप कैसे हाथ कहेंगे ? | 1 |
| 10 | 'अग्निपथ' कविता में 'अग्निपथ' किसे कहा गया है और क्यों ? लिखिए। | 5 |
| 11 | ' हिंसा और आपसी मतभेद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' 'हामिद खाँ' पाठ के आधार पर सिद्ध कर वर्तमान समय में इसकी स्थिति स्पष्ट कीजिये। | 5 |
| | **खण्ड घ ( लेखन )** | |
| | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80 से 100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| 12 | ग्रामीण विकास का आधार : कुटीर उद्योग<br>• क्या होते हैं?<br>• कौन-कौन से?<br>• निष्कर्ष | 5 |
| | **अथवा** | |
| | मेरा प्रिय शौक : संगीत<br>• शौक क्यों जरूरी<br>• संगीत का महत्व<br>• प्रभाव | 5 |
| | **अथवा** | |
| | वाणी का महत्व<br>• ईश्वर का वरदान<br>• उदाहरण द्वारा पुष्टि<br>• निष्कर्ष | 5 |
| 13 | आपका छोटा भाई विद्यालय के गणवेश (स्कूल ड्रेस)को सही ढंग से नहीं पहनता। उसे महत्व बताते हुए पत्र लिखिए। | 5 |
| 14 | *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को* **20-30***शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।* | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | |  | |
| | 15 | गली के चौकीदार और देर रात में आने वाले मेहमान का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | आपके पिताजी अपनी पुरानी मोटरसाइकिल बेचना चाहते हैं, उनके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |